☎ 0151-2250006

# REGIONAL OFFICE
# RAJASTHAN STATE` POLLUTION CONTROL BOARD
## Plot No SPL-33, Phase-2nd, Bhichhwal Indusrial Area, Bikaner – 334001

Email:-ro.bikaner@gmail.com www.rpcb.rajasthan.gov.in

RPCB/RO BIK/BKN/BM-330/831 Date : 14/05/2026

**मैसर्स श्री अजय कुमार गुप्ता,**
**आर/ओ–33, नागणेची स्कीम, पवनपुरी,**
**बीकानेर।**

विषयः–खनन परियोजना मैसर्स श्री अजय कुमार गुप्ता, एम.एल. नम्बर 10/93, क्षेत्रफल 165.6442 हैक्टेयर जो कि खसरा नम्बर 392/177, 114, 116, 166, 184, 115, 171, 176, 179, 164, 391/177, 178 एवं 165, निकट ग्राम–इन्दो का बाला, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर में स्थित है, में बॉल क्ले, फायर क्ले, रेड–येलो ऑकर, बजरी एवं सिलिका सेंड के खनन की उत्पादन क्षमता 50,000 टी.पी.ए. से बढाकर 14,00,000 (रोम) करने हेतु पर्यावरण स्वीकृति की जनसुनवाई का संशोधित विज्ञापन प्रकाशित करवाने बाबत।

संदर्भः- 1. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बीकानेर द्वारा जनसुनवाई का विज्ञापन प्रकाशित करवाने हेतु पूर्व में जारी पत्र क्रमांक 4097–4101 दिनांक 25.03.2026।
2. कार्यालय उपखण्ड अधिकारी, कोलायत का जनसुनवाई के संशोधित कार्यक्रम के सम्बन्ध में जारी पत्र क्रमांक 798 दिनांक 12.05.2026।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भित पत्रों के क्रम में लेख है कि आपकी इकाई की पर्यावरणीय स्वीकृति की जनसुनवाई हेतु विज्ञापन इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 4097–4101 दिनांक 25.03.2026 द्वारा प्रेषित किया गया था जिसमें जनसुनवाई का आयोजन दिनांक 18.05.2026 (सोमवार) को प्रातः 11.00 बजे ग्राम पंचायत भवन इन्दो का बाला, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर में करवाया जाना निर्धारित किया गया था। इसी क्रम में लेख है कि उपखण्ड अधिकारी कोलायत द्वारा अपने पत्र क्रमांक 798 दिनांक 12.05.2026 के द्वारा उक्त पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आयोजित की जाने वाली जनसुनवाई का संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है जिसके अनुसार परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जनसुनवाई दिनांक 10.06.2026 (बुधवार) को प्रातः 11.00 बजे ग्राम पंचायत भवन चानी, तहसील–कोलायत, जिला बीकानेर में आयोजित की जायेगी। अतः जनसुनवाई से सम्बंधित विज्ञापन इस पत्र के साथ संलग्न है, जो कि एक राष्ट्रीय स्तर (सभी संस्करण) तथा एक दैनिक क्षेत्रीय स्तर (हिन्दी संस्करण) में दिनांक **23.05.2026** तक प्रकाशित करावें तथा सभी अखबारों की प्रति इस कार्यालय में प्रेषित करावे ताकि जनसुनवाई का आयोजन **दिनांक 10.06.2026 (बुधवार) को प्रातः 11.00 बजे ग्राम पंचायत भवन चानी, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर** में करवाया जा सके।

भवदीय

(राजकुमार मीणा)
क्षेत्रीय अधिकारी

प्रतिलिपिः–

1. सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, जयपुर को सादर सूचनार्थ।
2. जिला कलक्टर, बीकानेर को सादर सूचनार्थ।
3. उपखण्ड अधिकारी, कोलायत, जिला–बीकानेर को सूचनार्थ।
4. एनालिस्ट कम प्रोग्रामर, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, जयपुर को विभागीय वेबसाइट पर अवलोकनार्थ उपलब्ध करवाने हेतु प्रेषित।

IT 04/06/26

क्षेत्रीय अधिकारी

राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल ... जयपुर

# राजस्थान राज्य प्रदूमाण नियन्त्रण मण्डल

क्षेत्रीय कार्यालय, बीछवाल औ4ोगिक क्षेत्र, बीकानेर

## पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई के लिए आम सूचना

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खनन परियोजना मैसर्स श्री अजय कुमार गुप्ता, एम.एल. नम्बर 10/93, क्षेत्रफल 165.6442 हैक्टेयर जो कि खसरा नम्बर 392/177, 114, 116, 166, 184, 115, 171, 176, 179, 164, 391/177, 178 एवं 165, निकट ग्राम–इन्दो का बाला, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर में स्थित है, में बॉल क्ले, फायर क्ले, रेड–येलो ऑकर, बजरी एवं सिलिका सेंड के खनन की उत्पादन क्षमता 50,000 टी.पी.ए. से बढाकर 14,00,000 (रोम) करने हेतु पर्यावरण स्वीकृति की जनसुनवाई बाबत प्रस्ताव राज्य स्तरीय पर्यावरणीय अधिप्रभाव आंकलन प्राधिकरण, राजस्थान के समक्ष प्रस्तुत किये है।
2. और चूंकि मैसर्स श्री अजय कुमार गुप्ता, को वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 एवं तत्पश्चात संशोधित अधिसूचनाओं के अनुसार उक्त खनन परियोजना को पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई की आवश्यकता है।
3. और चूंकि उपरोक्त लीज धारक ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई के लिए आवेदन किया है।
4. और चूंकि उक्त परियोजना हेतु वन एवं पर्यावरण मत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 के अनुसार जन सुनवाई हेतु मण्डल द्वारा इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है।
5. और चूंकि उपरोक्त परियोजना की जनसुनवाई हेतु उपखण्ड अधिकारी, कोलायत के पत्र दिनांक 19.03.2026 द्वारा जनसुनवाई का आयोजन दिनांक 18.05.2026 (सोमवार) को प्रातः 11.00 बजे ग्राम पंचायत भवन इन्दो का बाला, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर में करवाया जाना निर्धारित किया गया था।
6. और चूंकि उपरोक्त परियोजना की जनसुनवाई हेतु विज्ञापन एक राष्ट्रीय स्तर (सभी संस्करण) तथा एक दैनिक क्षैत्रीय स्तर (हिन्दी संस्करण) में दिनांक 09.04.2026 को प्रकाशित किया गया था।
7. और चूंकि उपखण्ड अधिकारी, कोलायत के पत्र दिनांक 12.05.2026 द्वारा संशोधित कार्यक्रम जारी किया जाकर जनसुनवाई का आयोजन दिनांक 10.06.2026 (बुधवार) को प्रातः 11.00 बजे ग्राम पंचायत भवन चानी, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर में करवाया जाना निर्धारित किया गया है।
8. और चूंकि उक्त परियोजना हेतु वन एवं पर्यावरण मत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 एवं संशोधित अधिसूचना दिनांक 09.05.2022 द्वारा निर्विष्ट परिशिष्ट IV "Procedure for conduct of Public Hearing" के खण्ड 3.3 (ए) के अनुसार जन सुनवाई की दिनांक, समय एवं स्थान में परिवर्तन होने की स्थिति में जनसुनवाई का संशोधित कार्यक्रम जारी करने हेतु मण्डल द्वारा इस आशय की सूचना जारी कर न्यूनतम 15 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है।
9. उक्त परियोजना से सम्बन्धित संक्षिप्त अभिलेख (पर्यावरण प्रभाव आंकलन एवं सार रिपोर्ट) निम्नांकित कार्यालयों पर अवलोकनार्थ उपलब्ध है:–
    1. जिला कलक्टर कार्यालय, बीकानेर।
    2. जिला परिषद कार्यालय, बीकानेर।
    3. जिला उद्योग केन्द्र, बीकानेर।
    4. उपखण्ड अधिकारी कार्यालय, कोलायत, जिला–बीकानेर।
    5. तहसील कार्यालय, कोलायत, बीकानेर।
    6. पंचायत समिति–कोलायत, जिला–बीकानेर।
    7. ग्राम पंचायत–चानी, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर।
    8. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बीकानेर।
    9. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर, राजस्थान।
    10. राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल मुख्यालय, 4, पर्यावरण मार्ग, संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, राजस्थान।
    11. एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, ए–209 व 218, अरण्य भवन, महात्मा गाँधी रोड, झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर।
10. वन एवं पर्यावरण मत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 एवं संशोधित अधिसूचना दिनांक 09.05.2022 तथा उपखण्ड अधिकारी, कोलायत द्वारा जारी पत्र दिनांक 12.05.2026 के अनुसरण में उक्त परियोजना की जन सुनवाई हेतु पूर्व में निर्धारित कार्यक्रम दिनांक 18.05.2026 (सोमवार) प्रातः 11.00 बजे ग्राम पंचायत भवन इन्दो का बाला, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर को संशोधित करते हुए जनसुनवाई **दिनांक 10.06.2026 (बुधवार) को प्रातः 11.00 बजे ग्राम पंचायत भवन चानी, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर** में आयोजित की जायेगी।

अतः सर्वसाधारण को नोटिस के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त दिनांक को प्रस्तावित जन सुनवाई स्थल पर उपस्थित होकर अपने लिखित/मौखिक आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है।